FORM NO. III

फर्द अहकम

नियम 26

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा,राजस्थान

मोहन पुत्र भेरूलाल मीणा बनाम नरेश कुमार पुत्र

किस्म मुकदमा/धारा:– प्रार्थना–पत्र / 111-128

प्रकरण संख्या 111 /2026 जी.सी.एम.एस. नम्बर:–

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/04 2026	प्रार्थना–पत्र नियमानुसार संलग्न दस्तावेजों एवं न्यायालय शुल्क के साथ न्यायालय क्षेत्राधिकार में पेश हुआ। पत्रावली की नियमानुसार जांच कर दर्ज रजिस्टर किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 7 / 05 /2026 को वास्ते इन्तजार तामील/तलबी रिपोर्ट पेश हो। उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा	
7/5/2026	पत्रावली पेश हुई। समस्त विपक्षीगणों की रजिस्टर डाक तामील रिपोर्ट प्राप्त हुई, जो संलग्न पत्रावली है। समस्त विपक्षीगणों को 3-बार आवाज लगाई गई, परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। समस्त विपक्षीगणों के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा	

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलियाँ, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)

प्रकरण संख्या :– 111/26

तारीख दायर – 30/4/2026

श्री मोहन पुत्र भेरूलाल उम्र–39वर्ष, निवासी–बिजौलियाँ, तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

.....प्रार्थी

बनाम

1. नरेश कुमार पुत्र भंवरलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी सबलपुरा तहसील नैनवा जिला बुन्दी (राज0)

......विपक्षी

प्रार्थनापत्र अर्न्तगत धारा 111–128 रा0ले0रे0 एक्ट

–:आदेश:– दिनांक:– 7/5/2026

प्रार्थनापत्र **प्रार्थी मोहन लाल पुत्र श्री भैरूलाल भील** ने जरिये अभिभाषक **श्री नरेश सिंह तॅवर** प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि मेरे एकल/संयुक्त खाते कि भुमि मौजा ग्राम मानपुरा पटवार हल्का थडौदा भु–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र बिजौलियाँ खुर्द तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0) में **खाता संख्या 178 की आराजी नं. 310 रकबा 0.0567 हैक्टेयर, आराजी नं. 311/1 रकबा 0.1862 हैक्टेयर, कुल किता 2 रकबा 0.2429 हैक्टेयर भूमि स्थित** हैं। विपक्षी आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगड़ा फसाद करते हैं। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थनापत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न हैं।

प्रार्थना पत्र रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गयी और पत्रावली का अवलोकर किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबंदी सम्वत **2074–2077** जमाबन्दी 2077 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजियात का खातेदार/गैर खातेदार काश्तकार हैं। पडोसियान के विवाद करने बाबत शपथपत्र संलग्न हैं। पत्थरगढी से किसी के स्वात्व पर कोई विपरीत प्रभाव नही पडता हैं।

अतः प्रार्थनापत्र अर्न्तगत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर भुमि मौजा ग्राम मानपुरा पटवार हल्का थडौदा भु–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र बिजौलियाँ खुर्द तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0) में **खाता संख्या 178 की आराजी नं. 310 रकबा**

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

0.0567 हैक्टेयर, आराजी नं. 311/1 रकबा 0.1862 हैक्टेयर, कुल किता 2 रकबा 0.2429 हैक्टेयर भूमि की बाशामालात पड़ोसियान के पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता हैं एवं पत्थरगढी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियॉ को लिखा जावे।

प्रार्थनापत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हों।
आदेश सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियॉ

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा